प्रतिवेदन

गोरक्षनाथ राजकीय संस्कृत महाविद्यालय नाहन में महाविद्यालय के शास्त्री प्रथम वर्ष तथा प्राक् शास्त्री प्रथम वर्ष के समस्त छात्रों के लिए 24 जुलाई 2023 से लेकर 4 अगस्त 2023 तक दशदिवसीय संस्कृत संभाषण शिबिर का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्राक् शास्त्री प्रथम वर्ष के 105 छात्र-छात्राएं, शास्त्री प्रथम वर्ष के 187 छात्र-छात्राओं ने भाग ग्रहण किया।

यह शिबिर प्रतिदिन मध्याह्न 1:00 बजे से लेकर 3:00 बजे तक चलाया गया, जिसमें शास्त्री प्रथम वर्ष के भाग-अ में प्रशिक्षक रूप में विवेक, पंकज, मीनाक्षी और अंजली थे। शास्त्री प्रथम वर्ष के भाग-ब में प्रशिक्षक के रूप में अमित तथा मनीषा रहे। प्राक् शास्त्री प्रथम वर्ष के प्रशिक्षक के रूप में अरविंद, मयंक और कुशिका रहे। महाविद्यालयों के वरिष्ठ कक्षाओं इन प्रशिक्षक छात्र-छात्राओं ने संस्कृत सम्भाषण का अभ्यास करवाया।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में प्राक् शास्त्री प्रथम वर्ष की कक्षा में महाविद्यालय आचार्य डॉ सन्नी कुमार जी ने संस्कृत सम्भाषण के प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन किया। शास्त्री प्रथम वर्ष के भाग-अ में डॉ सोमदत्त शर्मा जी एवं उनके साथ आचार्य सुरेश शर्मा जी ने शिविर का प्रारंभ करवाया। शास्त्री प्रथम वर्ष के भाग-ब में महाविद्यालय के आचार्य डॉ ज्ञानेश्वर शर्मा, श्रीमती नीरजा तोमर एवं डॉ सुमिता शर्मा ने सम्भाषण शिबिर का शुभारम्भ करवाया।

इस दश-दिवसीय-संस्कृत संभाषण शिविर का समापन सत्र 4 अगस्त 2023 को महाविद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में महाविद्यालय के प्राचार्य आचार्य डॉक्टर संदीप कुमार शर्मा छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियां महाविद्यालय में नियमित रूप से होती रहनी चाहिए जिससे छात्रों का सर्वाङ्गीण विकास हो सके, इसके लिए महाविद्यालय में प्रति सप्ताह शनिवार को वाक्-वर्धिनी सभा का आयोजन किया जाए। इस अवसर पर महाविद्यालय के आचार्यवर्ग डॉ.सन्नी कुमार, आचार्य सुरेश कुमार, डॉ. ज्ञानेश्वर शर्मा, डॉ विनीता पाल, डॉ.सुमित शर्मा, श्री नरेंद्र जी ने कार्यक्रम में भाग ग्रहण किया । इस कार्यक्रम का संचालन अन्तिम वर्ष के छात्र

अमित ने किया। एकल गीत सौरव शर्मा ने प्रस्तुत किया। अनुभव कथन में नियति शर्मा, राहुल, अनुराधा, अंशिता, ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर संस्कृत-सम्भाषण प्रशिक्षणार्थी छात्र-छात्राओं द्वारा लघु-संस्कृत-नाटिका का मंचन किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ सन्नी कुमार एवं डॉ.ज्ञानेश्वर शर्मा रहे।

संलग्न - कार्यक्रम का विवरण एवं चित्र

गोरक्षनाथ राजकीय संस्कृत महाविद्यालय नाहन,

जिला-सिरमौर, हि.प्र.

सूचना दिनांक- 20.07.2023

महाविद्यालय के प्राक्शास्त्री प्रथम वर्ष तथा शास्त्री प्रथम वर्ष के समस्त छात्रों को सूचित किया जाता है कि 24.07.2023 सोमवार से लेकर 03.08.2023 तक महाविद्यालय में दशदिवसीय संस्कृत सम्भाषण शिबिर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी छात्रों का उपस्थित होना आवश्यक है। इस सम्भाषण शिबिर का आयोजन मध्याह्न 01:00 बजे से 03:00 बजे तक किया जाएगा। इस दशदिवसीय संस्कृत सम्भाषण शिबिर से सम्बन्धित विशेष जानकारी के लिए संचालन एवं व्यवस्था समिति के सदस्य डा सन्नी कुमार तथा डा ज्ञानेश्वर शर्मा से सम्पर्क करें।

संचालन समिति

१. डा सन्नी कुमार वेदाचार्य

२. डा ज्ञानेश्वर शर्मा ज्योतिषाचार्य

आदेशानुसार

प्राचार्य

गोरक्षनाथ राजकीय संस्कृत महाविद्यालय नाहन, सिरमौर

सूचना

गोरक्षनाथ राजकीय संस्कृत महाविद्यालय नाहन के समस्त आचार्यों कर्मचारियों एवं शास्त्री प्रथम वर्ष तथा प्राक् शास्त्री प्रथम तथा द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 04/08/2023 को मध्याह्न 01.00 बजे से 03.00 बजे तक महाविद्यालय के सभागार में दशदिवसीय संस्कृत सम्भाषण वर्ग का समारोप कार्यक्रम किया जाएगा जिसमें आप सभी की उपस्थिति अपेक्षित है। सभी अवगत हों।

दिनांक 4.8.2023

आदेशानुसार

Principal 4.8.2023
Gorakshnath Govt. Sanskrit College
Nahan, Distt. Sirmour, H.P. - 173001